मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झाँसी

प्रकीर्ण वाद संख्या-९९/२०२० (एम.ए.सी.पी. सं. २०७/२०१७)
प्रकाश साहू बनाम उमेश चन्द्र आदि
<u>२३.११.२०२०</u>

३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/याचीगण श्रीमती लक्ष्मी साहू व कु. करिश्मा आदि द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त याचिका में राजीनामा के आधार पर एवार्ड धनराशि मुब. ४०,०००/-रु. विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा न्यायाधिकरण में जमा कर दिये हैं, जिन्हें रिलीज किये जाने में कोई विधिक बाधा नहीं है। अतः उक्त जमाशुदा धनराशि प्रार्थीगण के पक्ष में रिलीज किये जाने की कृपा की जाए। प्रार्थीगण ने समर्थन में ४सी२ शपथपत्र श्रीमती लक्ष्मी साहू, अपने-अपने आधार कार्ड व बैंक खातें की पास बुक की छाया प्रतियॉ दाखिल की गई हैं।

प्रार्थीगण न्यायाधिकरण के समक्ष मय विद्वान अधिवक्ता वर्चुअल न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को वर्चुअल न्यायालय में सुना गया तथा एम.ए.सी.पी. सं. २०७/२०१७ प्रकाश साहू आदि बनाम उमेश चन्द्र आदि की पत्रावली व प्रस्तुत पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण ने अपने कथनों के समर्थन में श्रीमती लक्ष्मी साहू का शपथपत्र व अपने-अपने बैंक के खातों की पासबुक व आधार कार्ड की छाया प्रतियॉं दाखिल की गईं हैं। उक्त मूल याचिका की पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत याचिका में दिनाँक १५.०७.२०२० को सुलहनामा के आधार पर न्यायाधिकरण द्वारा ४०,०००/- रु. का एवार्ड पारित हुआ है तथा उक्त एवार्ड की धनराशि में से याचीगण १/१ श्रीमती लक्ष्मी साहू व १/२ कु. करिश्मा प्रत्येक को बीस-बीस हजार रु. आर.टी.जी.एस./ नेफ्ट के माध्यम से नकद दिये जाने का आदेश पारित हुआ है। कार्यालय आख्या के अनुसार चेक रजिस्टर के क्रमांक ९५ पर ४०,०००/-रु. सिंडीकेट बैंक गोबिन्द चौराहा, झाँसी में जमा होने का इन्द्राज है। अतः न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में जमाशुदा एवार्ड की धनराशि ४०,०००/-रु. में से प्रार्थीगण श्रीमती लक्ष्मी साहू व कु. करिश्मा प्रत्येक के नाम बीस-बीस हजार रुपये एवार्ड की धनराशि उनके बैंक खातों में जरिये आर.टी.जी.एस./नेफ्ट स्थानान्तरित किये जाने योग्य है।

<u>आदेश</u>

सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झांसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी.सं. २०७/ २०१७ (प्रकीर्ण वाद सं. ९९/२०२० प्रकाश साहू बनाम उमेश चन्द्र आदि) के प्रकरण में जमा क्षतिपूर्ति धनराशि प्रार्थीगण को निम्न सारिणी के अनुसार को भुगतान कर दें:-

Applicant/ petitioner	Amount in Rs.	+(%of) Interest Accrued on Deposited Amount	Mode of Disbursement	Bank Account Number	Bank	IFSC Code
Smt Laxmi sahu	20000	50	Elect.Mode RTGS/NEFT	1894000108202656	PNB Khande Rao Gate Fort Jhansi	PUNB0189400
Kum. Karishma	20000	50	Elect.Mode RTGS/NEFT	33162807527	SBI KIOSK BANKING Bara Gaon Gate Jhansi CPC Code No 1A691599	SBIN0030257
Total	40000	100				

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई-मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। ३बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ.,एम.ए.सी.टी.,झांसी

।

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.11.23 20:01:58 IST
Reason: Presiding Officer
Location: Motor Act Claim Tribunal JHANSI